# समाचार

## 31 अगस्त तक शिविरों में हुयी 28 लाख रू. की वसूली

कोरबा 03 सितम्बर 2013 – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वार्डो में लगाए गए राजस्व वसूली शिविरों में 31 अगस्त 2013 तक कुल 28 लाख 35 हजार 565 रूपये की राजस्व वसूली की गई।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा करदाताओं से संपत्तिकर, समेकितकर, शिक्षा उपकर एवं जलकर 5 प्रतिशत की राजस्व वसूली हेतु विगत 12 अगस्त से वार्डो में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविरों का आयोजन किया गया था। 12 अगस्त से 31 अगस्त 2013 तक लगाए गए इन शिविरों में कुल 1188 करदाताओं ने 28 लाख 35 हजार 565 रूपये की कर राशि निगम कोष में जमा कराई। निगम के संपत्तिकर अधिकारी ए.आर. बर्मन ने बताया कि वार्डो में आयोजित शिविरों के दौरान कोरबा जोन के 124 करदाताओं 09 लाख 90 हजार 147 रूपये, टी.पी.नगर जोन के 197 करदाताओं ने 03 लाख 82 हजार 354 रूपये, कोसाबाड़ी जोन के 241 करदाताओं ने 05 लाख 71 हजार 184 रूपये, बालको जोन के 128 करदाताओं ने 01 लाख 94 हजार 533 रूपये, दर्री जोन के 247 करदाताओं ने 03 लाख 72 हजार 190 रूपये तथा बांकीमोंगरा जोन के 251 करदाताओं ने 03 लाख 25 हजार 157 रूपये की राशि निगम कोष में जमा कराई।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**( रावेन्द्र सिंह )**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
**नगर पालिक निगम**
कोरबा (छ.ग.)